खाद्य मंत्री ने उलकिया में फूडपार्क का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

- 27 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर सरगुजा (अंबिकापुर) ज़िले के विकासखंड सीतापुर के ग्राम उलकिया में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने ज़िले में प्रथम फूडपार्क का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- नवीन फूडपार्क की स्थापना हेतु राज्य शासन द्वारा 6 करोड़ 27 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी।
- खाद्य मंत्री ने कहा कि आज सीतापुर के ग्राम उलकिया में फूडपार्क की स्थापना की गई है। फूडपार्क में फूड प्रोसेसिंग उद्योग से कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण में आसानी होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे।
- उन्होंने कहा कि किसी भी फूडपार्क के लिये बिजली, पानी और आवागमन की सुविधा की आवश्यकता होती है। इन सभी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।
- ज़िला कलेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि इस परियोजना हेतु 8.920 हेक्टेयर क्षेत्र का आधिपत्य ज़िला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सरगुजा से सीएसआईडीसी को हस्तांतरित किया गया है।
- उक्त प्रस्तावित नवीन फूडपार्क में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना के लिये 3000, 5000, 7500, 10000 वर्ग फीट क्षेत्रफल के लगभग 60 भूखंड प्रावधानित हैं, जिससे शासन को विभिन्न टैक्सों के माध्यम से राजस्व की प्राप्ति होगी। इस नवीन फूडपार्क की स्थापना होने से स्थानीय लोगों को रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/food-minister-inaugurated-food-park-in-ulkia